स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में
सदस्यगण, टांडा ट्रॉस्मिशन कंपनी लिमिटेड
स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

अर्हताप्राप्त दृष्टिकोण

हमने **टांडा ट्रॉस्मिशन कंपनी लिमिटेड** ("कंपनी") के संलग्न वित्तीय विववरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र के साथ साथ लाभ तथा हानि विवरण, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए संलग्न नगदी प्रवाह विवरण और वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां सहित महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश तथा अन्य स्पष्टीकरणयुक्त सूचना शामिल हैं।

हमारे दृष्टिकोण से और हमारी सर्वश्रेष्ठ सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के अंतर्गत यथावश्यक सूचना विहित और अपेक्षित ढंग से प्रदान करते हैं और भारत में सामान्यतः स्वीकार लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप 31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार कंपनी के कार्यकलापों की स्थिति और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इसकी हानि (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह की एक सही और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत नहीं करते हैं।

अर्हक दृष्टिकोंण के लिए आधार

हमने अपनी लेखापरीक्षा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत यथाविनिदिष्ट लेखांकन मानकों (एसए) के अनुसार संचालित की है। उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों का उल्लेख हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों के खंड में पुन: किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी *सिद्धांत संहिता* और ऐसी सैद्धांतिक आवश्यकताओं, जो अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा के अनुरूप हैं, के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं और सिद्धांत संहिता के अनुसार अपनी अन्य सैद्धांतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है। हमारा मानना है कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में हमने जो साक्ष्य एकत्र किए हैं, वे हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण के लिए एक उपयुक्त एवं तर्कसंगत आधार प्रदान करने की दृष्टि से पर्याप्त और उचित हैं:

1. कंपनी ने 158476.36 रुपये (सैकड़ों में) के जारी पूंजीगत कार्य के विरुद्ध पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) को देय 154280.12 (सैकड़ों में और ब्याज सहित) के ऋण को समायोजित किया है। हालाँकि, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 180 के प्रावधानों के अनुसार कोई भी कंपनी विशेष संकल्प द्वारा कंपनी की सहमति प्राप्त किए बिना ऐसे किसी उपक्रम (उपक्रम से आशय ऐसे किसी उपक्रम से है जिसमें कंपनी का निवेश पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की ऑडिट की गई बैलेंस शीट के अनुसार बीस प्रतिशत से अधिक है अथवा किसी ऐसे उपक्रम से है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी की कुल आय के बीस प्रतिशत के बराबर आय उत्पन्न करता है) को पूरी तरह से या उपक्रम की पूरी बचनबद्धता में से अधिकांश को नहीं बेचेगी, पट्टे पर नहीं देगी या अन्यथा इसका निपटान नहीं करेगी । पूर्वोक्त समायोजन की प्रविष्टि जारी करने से पहले विशेष प्रस्ताव में ऐसी कोई मंजूरी नहीं ली गई है।

2. कंपनी ने लाभ और हानि लेखा के माध्यम से पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन कंसल्टिंग लिमिटेड ('पीएफसीसीएल') को देय रु. 154280.12 (सैकड़ों में और ब्याज सहित) के देय ऋण के विरुद्ध रु. 158476.36 (सैकड़ों में) के जारी पूंजीगत कार्य बंद नहीं किया है और सीधे संबंधित खाताबही में समायोजित कर दिया है।

3. विद्युत मंत्रालय द्वारा अपनी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 787 (ई) (नोट -1 के अनुसार) पारेषण परियोजना की अधिसूचना को वापस लिए जाने के अनुक्रम में कंपनी को बंद करने की आवश्यकता है, इसलिए, वित्तीय विवरण जारी प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार नहीं किए जाते हैं। कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुसार बंद प्रचालन से लाभ और हानि के तहत वर्ष के दौरान किए गए व्यय की अलग से रिपोर्टिंग नहीं की है।

जारी प्रतिष्ठान से संबंधित बड़ी अनिश्चितता

हम वित्तीय विवरणों में नोट 17 की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, जो यह इंगित करता है कि विद्युत मंत्रालय द्वारा अपनी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 787 (ई) (नोट -1 के अनुसार) पारेषण परियोजना की अधिसूचना को वापस लिए जाने के अनुक्रम में कंपनी को बंद करने की आवश्यकता है, इसलिए, वित्तीय विवरण जारी प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार नहीं किए जाते हैं।

जैसा कि नोट 17 में कहा गया है, इन घटनाओं या स्थितियाँ के साथ-साथ नोट 17 में बताए गए अन्य मामले यह इंगित करते हैं कि ऐसी कोई बड़ी अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह डाल सकती है कि कंपनी किसी जारी प्रतिष्ठान के रूप में अपना प्रचालन जारी रख पाएगी, जो कि एक चिंता का विषय है। इस मामले के संबंध में हमारी राय आशोधित नहीं है।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले

मुख्य लेखापरीक्षा मामले ऐसे मामले होते हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों का वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा के संदर्भ में और उन पर हमारी राय बनाने में समग्र रूप से समाधान किया गया और हम इन मामलों पर कोई अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। जारी प्रतिष्ठान से संबंधित बड़ी अनिश्चितता खंड में बताए गए मामले के अलावा, हमने नीचे दिए गए मामलों को निर्धारित किया है, जो कि हमारी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले मुख्य लेखापरीक्षा मामलों के रूप में बताया जाना आवश्यक है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और शासन व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारियों की जिम्मेदारियां

कंपनी का निदेशक मंडल इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की तैयारी के संदर्भ में कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए जिम्मेदार है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 में विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य निष्पादन (अन्य व्यापक आय सहित),

इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह की सही और स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं की रोकथाम और उनका पता लगाने; उपयुक्त लेखांकन नीतियों के चयन और उन्हें लागू करने, ऐसे निर्णय करने और अनुमान लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड बनाए रखना शामिल हैं, जो उचित और तथ्यपरक हैं; तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव भी इसमें शामिल है, जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुतीकरण की दृष्टि से लेखांकन रिकॉर्डों की परिशुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से लागू किए जा रहे थे, वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुतीकरण के अनुरूप थे जो स्पष्ट और सही तस्वीर प्रस्तुत करते हैं तथा धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण किसी तथ्यपरक गलत विवरण से मुक्त हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने में निदेशक मंडल कंपनी के जारी प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने की क्षमता का आकलन करने, यथालागू प्रकटन, जारी प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों और लेखांकन के लिए जारी प्रतिष्ठान के आधार का उपयोग करने के लिए तब तक जिम्मेदार है जब तक कि निदेशक मंडल का इरादा या तो कंपनी को परिसमाप्त करने या प्रचालन को रोकने का नहीं है या उसके पास ऐसा करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प उपलब्ध नहीं है।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी जिम्मेदार हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण संपूर्ण रूप में किसी भौतिक गलतफहमी से मुक्त हैं, चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि और एक लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करने के कारण है, जिसमें हमारी राय भी शामिल है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं है कि एसएएस के अनुसार किया गया ऑडिट हमेशा मौजूद होने पर किसी बड़ी गलती के होने का पता लगाएगा। गलतियाँ धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती हैं और उन्हें तब बड़ी गलती माना जाता है, जब वे व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।

एसएएस के अनुसार एक ऑडिट के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरे ऑडिट में पेशेवर संदेह को बनाए रखते हैं। हम यह भी:

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में बड़ी गलती, चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि, डिज़ाइन के कारण क्यों न हो, के जोखिम की पहचान और मूल्यांकन करते हैं और लेखापरीक्षा प्रक्रियाओ को उन जोखिमों के प्रति संवेदशील बनाते हैं और ऐसे लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं, जो हमारी दृष्टिकोण के लिए एक आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उचित हैं। धोखाधड़ी के परिणामरूपरूप दिए गए किसी गलत विवरण का पता न लग पाने का जोखिम त्रुटि बस दिए गए गलत विवरण से बड़ा होता है क्योंकि धोखाधड़ी में अभिसंधि, जालसाजी, जानबूझकर छोड़ देने, गलत व्याख्या अथवा आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।
- ऐसी परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं डिज़ाइन करने के प्रयोजन से लेखापरीक्षा के संगत आंतरिक

नियंत्रण के बारे में जानकारी प्राप्त करना। अधिनियम की धारा 143 (3) (i) के अंतर्गत हम इस बारे में भी अपना दृष्टिकोण व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी ने अपने यहां पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली लागू की है और ऐसे नियंत्रण प्रभावी तरीके से प्रचालनरत हैं।

- प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त लेखांकन नीतियों और लेखांकन अनुमानों की औचित्यपूर्णता और किए गए प्रकटन का मूल्यांकन करना।
- लेखांकन के निरंतर जारी प्रतिष्ठान आधार के प्रबंधन द्वारा इस्तेमाल की उपयुक्तता और प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधारप पर इस बात का निष्कर्ष निकालना कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई बड़ी अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी के जारी प्रतिष्ठान बने रहने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह डाल सकती है और जो एक चिंता का विषय है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई बड़ी अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन पर ध्यान आकर्षित करना होगा या यदि इस तरह के प्रकटन अपर्याप्त हैं, तो हमारे दृष्टिकोण को संशोधित करना होगा। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां कंपनी कंपनी को जारी प्रतिष्ठान के रूप में कार्य करते रहने के लिए चिंता का विषय बना बन सकती हैं।
- प्रकटन सहित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की विषयवस्तु और इस बात का मूल्यांकन करना कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का इस ढ़ंग से प्रतिनिधित्व करते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुति के लिए आवश्यक है।

हम अन्य मामलों के अलावा लेखापरीक्षा की योजनाबद्ध गुंजाइश और समय और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों के साथ साथ आंतरिक नियंत्रण में किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण कमियों के बारे में शासन व्यवस्था के प्रभारी अधिकारियों को सूचित करते हैं ।

हम शासन व्यवस्था से जुड़े उन लोगों को इस बात से संबंधित एक विवरण भी उपलब्ध कराते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक सैद्धांतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और उन सभी संबंधों और अन्य मामलों के बारे में सूचित किया है, जिन्हें ऐसा माना जा सकता है कि वे हमारी स्वतंत्रता के लिए बाधक हो सकते हैं और जहां कहीं भी लागू है, संबंधित सुरक्षोपायों के बारे में भी सूचित किया है।

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट :

1. अधिनियम की धारा 143 (11) के संदर्भ में भारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 (“द आदेश”) के अनुसार यथा आवश्यक हमने इस रिपोर्ट के “अनुबंध – ।” में कंपनी के लिए लागू सीमा के अनुसार उपर्युक्त आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में विर्निदिष्ट मामलों पर एक विवरण पत्र संलग्न किया है।
2. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 की उपधारा (5) के अंतर्गत जैसा आवश्यक है, हमने भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों और उप निर्देशों पर विचार किया है, उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई और कंपनी के वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव के विवरण "अनुबंध – ।।” में दिए गए हैं।
3. अधिनियम की धारा 143 (3) के अंतर्गत यथावश्यक हम रिपोर्ट करते हैं किः

क) हमने ऐसी सभी सूचना और स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे;

ख) हमारे दृष्टिकोण में और जैसा कि इन खाताबहियों की हमारे द्वारा की गई जांच से प्रतीत होता है कि कंपनी द्वारा विधि के अंतर्गत आवश्यक लेखाओं की उचित बही तैयार की गई है;

ग) इस रिपोर्ट से संबंधित तुलनपत्र, लाभ और हानि विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण लेखाबहियों के अनुरूप हैं अर्थात उनसे मेल खाते हैं;

घ) हमारे दृष्टिकोण में उपर्युक्त वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियमावली 2014 के नियम 7 और कंपनी (लेखांकन मानक) संशोधन नियमावली, 2016 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत अधिसूचित लेखांकन मानकों के अनुरूप हैं अर्थात उनका अनुपालन करते हैं;

ड.) एक सरकारी कंपनी होने के नाते भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी की गई अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) के संदर्भ में निदेशकों की अनअर्हता से संबंधित कंपनी अधिनियम की धारा 164 की उप धारा (2) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं है;

च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनात्मक प्रभावशीलता के लिए **"अनुबंध-।।।"** पर हमारी अलग रिपोर्ट देखें।

छ) एक सरकारी कंपनी होने के नाते भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी की गई अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) के संदर्भ में प्रबंधकीय मेहनताने से संबंधित कंपनी अधिनियम की धारा 197 की उप धारा (16) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं है;

छ) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संदर्भ में, हमारे दृष्टिकोण में और हमारी सर्वश्रेष्ठ सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार :

I. कंपनी के ऐसे कोई लंबित मुकदमे नहीं हैं, जो इसकी वित्तीय स्थिति को प्रभावित कर सके।

II. कंपनी ने व्युत्पन्न संविदाओं सहित ऐसी कोई दीर्घकालीन संविदाएं नहीं कीं, जिसके लिए कोई बड़ी दृश्य हानियां हुई हों।

III. ऐसी कोई भी निधियां नहीं पाई गईं, जिन्हें कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में स्थानांतरित करने की आवश्यकता रही हो।

कृते वेद गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीयन संख्या : 003297एन

हस्ताक्षरित

सीए जतिन गुप्ता
(भागीदार)
सदस्यता संख्या 515101
स्थानः नई दिल्ली
तारीख : 22 मई, 2019

टांडा ट्रांस्मिशन कंपनी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक की रिपोर्ट का अनुबंध – 'I'

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए टांडा ट्रांस्मिशन कंपनी लिमिटेड ('द कंपनी') के सदस्यों के लिए हमारी रिपोर्ट में संदर्भित अनुबंध ।

हम यह रिपोर्ट करते हैं कि :

1. कंपनी के पास जारी पूंजीगत कार्य से इतर कोई स्थायी परिसम्पत्तियां नहीं हैं। अत: आदेश के पैराग्राफ 3 के खंड (i) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते है।
2. कंपनी के पास कोई इन्वेंटरी नहीं हैं। अत: आदेश के पैराग्राफ 3 के खंड (ii) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते है।
3. कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत बनाए गए रजिस्टर में शामिल कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अथवा अन्य पक्षकारों को सुरक्षित अथवा असुरक्षित कोई भी ऋण स्वीकृत नहीं किए हैं और तद्नुसार आदेश के खंड (iii) के प्रावधान कंपनी के लागू नहीं होते हैं।
4. हमारे दृष्टिकोण से और हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों को अग्रिम के रूप में दिए गए ऋणों और सहायक कंपनियों तथा संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेश के संदर्भ में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया है अर्थात कोई ऋण नहीं दिया है। कंपनी ने अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के अंतर्गत आने वाले किसी पक्षकार को कोई गारंटी नहीं दी है अथवा कोई सुरक्षा जमा राशि (जमानत) नहीं दी है। अत: कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं।
5. कंपनी के रिकॉर्डों की हमारे द्वारा की गई जांच और हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार, हमारे दृष्टिकोण से कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 से 76 के प्रावधानों अथवा किन्ही अन्य संगत प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार जनता से कोई जमाराशि स्वीकार नहीं की है।
6. हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी की सेवाओं के संदर्भ में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप धारा (1) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लागत रिकार्डों का रखरखाव केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किया गया है। तद्नुसार आदेश के पैरा 3 के खंड (vi) के अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी के लागू नहीं होती है।
7. (क) कंपनी भविष्य निधि,कर्मचारी राज्य बीमा, आय कर, सेवा कर/माल और सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, शिक्षा उपकर और इसके लिए यथालागू अन्य सांविधिक बकाया राशियों सहित अविवादित सांविधिक देयताओं का संबंधित प्राधिकारियों को सामान्यतः नियमित रूप से भुगतान कर रही है। हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त के संदर्भ में देय कोई अविवादित सांविधिक देयता उसकी वास्तविक देय तारीख से एक वर्ष के लिए 6 माह से अधिक अवधि के लिए देय नहीं है।

(ख) हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार आय कर, सेवा कर/जीएसटी, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर के संदर्भ में ऐसी कोई भी देय राशियां नहीं हैं, जो 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार देय हों। तदनुसार आदेश के पैराग्राफ 2 के खंड 3 (vii) (ख) के प्रावधान कंपनी के लागू नहीं होते हैं।

8. हमें सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के पास किसी वित्तीय संस्थान अथवा बैंक या डिबेंचर धारक या सरकार को देय कोई ऋण अथवा उधारी नहीं है और वर्ष के दौरान किसी डिवेंचर धारक को कोई देयताएं शेष नहीं है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खंड (viii) के प्रावधान कंपनी के लागू नहीं होते हैं।
9. कंपनी ने वर्ष के दौरान आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव अथवा भावी सार्वजनिक प्रस्ताव (कर्ज के लिखतों सहित) और सावधि ऋण के माध्यम से कोई धनराशि नहीं जुटाई है । तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खंड (ix) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं।
10. हमारे द्वारा निष्पादित की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के आधार पर हम यह रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षाधीन अवधि के दौरान इसके अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर अथवा कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं पायी गई अथवा रिपोर्ट नहीं की गई।
11. हमारे दृष्टिकोण से और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी ने वर्ष के दौरान अधिनियम की अनुसूची V के साथ पठित धारा 197 में किए गए उल्लेख के अनुसार कोई प्रबंधकीय मेहनताने का भुगतान अथवा प्रावधान नहीं किया है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खंड (xi) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं।
12. कंपनी कोई निधि कंपनी नहीं है, तद्नुसार आदेश के खंड 3 (xii) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं।
13. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्डों की हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार कंपनी द्वारा सभी संबंधित पक्षकारों के साथ किए गए सभी लेनदेन व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत किए गए है अत: कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं, तथापि, लागू लेखांकन मानकों के अंतर्गत यथावश्यक ढ़ंग से वित्तीय विवरणों में अपेक्षित जानकारी का प्रकटन किया गया है।
14. कंपनी के रिकॉर्डों के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी ने शेयरों अथवा पूरी तरह से या आंशिक रूप से कनवर्टिबल डिवेंचरों का प्राथमिकता के आधार पर कोई आबंटन अथवा निजी नियोजन नहीं किया है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खंड (xiv) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं।
15. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्डों की हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार कंपनी ने अपने निदेशकों अथवा उनसे जुड़े लोगों के साथ कोई गैर नकद लेनदेन नहीं किया है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 2 के खंड (xv) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं।
16. कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 – आईए के अंतर्गत पंजीकृत करवाने की आवश्यकता नहीं है।

कृते वेद गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

फर्म पंजीयन संख्या : 003297एन

हस्ताक्षरित

सीए जतिन गुप्ता
(भागीदार)
सदस्यता संख्या 515101
स्थानः नई दिल्ली
तारीख : 22 मई, 2019

टांडा ट्रॉंस्मिशन कंपनी लिमिटेड के स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध – II

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए टांडा ट्रॉंस्मिशन कंपनी लिमिटेड के सदस्यों के लिए हमारी रिपोर्ट में संदर्भित अनुबंध

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अंतर्गत सांविधिक लेखापरीक्षकों के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए निदेशों के उत्तर

हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के "अन्य कानूनी और नियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट" शीर्षक के अंतर्गत पैराग्राफ 1 में संदर्भित

क्र. सं.	प्रश्नावली	उत्तर
	क्या कंपनी ने आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन संसाधित करने के लिए प्रणाली लागू की है? यदि हां, तो वित्तीय बाध्यताओं, यदि कोई हैं, के साथ साथ लेखाओं की सत्यनिष्ठा पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन संसाधित करने में आने वाली विवक्षाओं का उल्लेख किया जाए।	जी, हां, कंपनी ने आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन संसाधित करने के लिए प्रणाली अर्थात ओरेकल लागू की है । हमारे दृष्टिकोण में और हमारी सर्वश्रेष्ठ सूचना तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी के पास ओरेकल में पोस्ट की गई पृविष्टियों की सत्यता का सत्यापन करने के लिए पर्याप्त नियंत्रण प्रणाली मौजूद है।
2.	क्या ऋण का पुनर्भुगतान करने में कंपनी की असमर्थता के कारण कंपनी के लिए किसी ऋणदता द्वारा किए गए किसी मौजूदा ऋण के पुनर्गठन अथवा कर्ज / ऋणों / ब्याज़ आदि में छूट / बट्टे खाते में डालने के कोई मामले सामने आए हैं? यदि हां, तो उसके वित्तीय प्रभाव का उल्लेख किया जाए।	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन कंसल्टिंग लिमिटेड को देय 1,54280.12 रुपए (सैकड़ों में) की राशि को 1,58476.36 रुपए (सैकड़ों में) के जारी पूंजीगत कार्य के विरुद्ध बट्टे खाते में डाला गया है। 4196.24 रुपए की जारी पूंजीगत कार्य की बकाया राशि को लाभ और हानि लेखा में व्यय के रूप में बट्टे खाते में डाला गया है । इस राशि को पीएफसीसीएल की खाताबही में बट्टे खाते में डाला गया है । कर्ज / ऋण / ब्याज आदि की कोई भी राशियों में छूट / बट्टे खाते में डालने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।
3.	क्या केंद्र / राज्य की एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त की गई / प्राप्त होने वाली निधियों की उचित ढ़ंग से गणना की गई / इसकी निबंधन और शर्तों के अनुसार उनका सदुपयोग किया गया? विचलन के मामलों को सूचीबद्ध करें।	कंपनी के पास केंद्र / राज्य की एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त की गई / प्राप्त होने वाली कोई निधियां नहीं हैं, अत: यह खंड लागू नहीं होता है।

कृते वेद गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीयन संख्या : 003297एन
हस्ताक्षरित
सीए जतिन गुप्ता
(भागीदार)

सदस्यता संख्या 515101
स्थानः नई दिल्ली
तारीख : 22 मई, 2019

टांडा ट्रॉंस्मिशन कंपनी लिमिटेड के स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध – III

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए टांडा ट्रॉंस्मिशन कंपनी लिमिटेड (''द कंपनी'') के सदस्यों के लिए हमारी रिपोर्ट में संदर्भित अनुबंध

कंपनी अधिनियम, 2013 ("द अधिनियम") की धारा 143 की उप धारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार पावर **टांडा ट्रांस्मिशन कंपनी लिमिटेड** ("द कंपनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है, जिनमें उसी तारीख को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा भी शामिल है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का प्रबंधन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा से संबंधित मार्गदर्शी नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण मानदंडों के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और उसे बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में कंपनी के व्यापारिक कार्यकलापों का क्रमबद्ध ढंग से तथा प्रभावी ढंग से संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशाली तरीके से चल रहे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव भी शामिल हैं, जिसमें कंपनी की नीतियों का अनुपालन, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और उनका पता लगाना, लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता और पूर्णता तथा अधिनियम के अंतर्गत यथावश्यक विश्वसनीय वित्तीय सूचना समय पर तैयार करना शामिल हैं।

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बारे में अपना दृष्टिकोण व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखापरीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शी नोट (द "गाइडेंस नोट") और आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए यथालागू सीमा तक अधिनियम की धारा 143 (10) के अंतर्गत यथाविनिदिष्ट भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन मानकों के अनुसार संचालित की है, दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू होते हैं और दोनों भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी किए गए हैं। उन मानकों और मार्गदर्शी नोट के तहत

यह आवश्यक है कि हम सैद्धांतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और लेखापरीक्षा की आयोजना और निष्पादन इस प्रकार से करें ताकि इस बात को लेकर उचित आश्वासन प्राप्त किया जा सके कि क्या कंपनी द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किया गया है और उसे बनाए रखा गया है और क्या ऐसे नियंत्रण सभी संदर्भों में प्रभावशाली ढंग से लागू किए गए।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता तथा उनकी प्रचालनात्मक प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य एकत्र करने के लिए की जाने वाली निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बारे में जानकारी (समझ) प्राप्त करना, ऐसे जोखिमों का मूल्यांकन करना शामिल है कि वहां कोई बड़ी चूक या गडबड़ी हुई है तथा मूल्यांकित जोखिमों के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की डिजाइन और प्रचालनात्मक प्रभावशीलता के परीक्षण और मूल्यांकन को भी इसमें शामिल किया गया। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती है, जिसमें वित्तीय विवरणों के वास्तविक रूप से गलत तथ्यों संबंधी जोखिमों का मूल्यांकन भी शामिल होता है चाहे वे गलत तथ्य किसी धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण क्यों न दिए गए हों।

हमारा मानना है कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के बारे में हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण के लिए एक उपयुक्त एवं तर्कसंगत आधार प्रदान करने की दृष्टि से हमने जो साक्ष्य एकत्र किए हैं, वे पर्याप्त और उचित हैं।

वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अर्थ

किसी कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर उसका आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जो सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप वाह्य प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी और वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संबंध में उचित आश्वासन देने के लिए डिजाइन की जाती है। किसी कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर उसके आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में उन नीतियों और प्रक्रियाओं को शामिल किया जाता है, जो (1) ऐसे रिकार्डों के रखरखाव से संबंधित हैं, जो उचित विवरणों के साथ कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेनों और जमा राशियों की परिशुद्ध और स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करती हैं; (2) इस बात का उचित आश्वासन प्रदान करती हैं कि सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए यथावश्यक लेनदेन को रिकार्ड किया जाता है और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकारों के अनुसार किया जा रहा है; और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनाधिकृत अधिग्रहण, इस्तेमाल अथवा जमा करने के संबंध में समय पर पता लगाने अथवा उनकी रोकथाम के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करती हैं जिनका वित्तीय विवरणों पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतरनिहित सीमाएं

जटिलता की संभावना, अनुचित प्रबंधन, नियंत्रणों की अतिव्याप्ति सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण त्रुटि अथवा धोखाधड़ी के फलस्वरूप बड़ी और गलत जानकारी दिए जाने की घटना घटित हो सकती है और यह भी संभव है कि उसका पता भी न चले। इसके अलावा, भावी अवधियों के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन संबंधी पूर्वानुमान इस जोखिम के अध्यधीन होते हैं कि स्थितियों में परिवर्तन के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकते हैं अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर (डिग्री) प्रभावित हो सकता है।

दृष्टिकोण

हमारे दृष्टिकोण में कंपनी में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शी नोट में उल्लिखित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अनिवार्य घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग (वित्तीय विवरण सहित) मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर सभी वास्तविक संदर्भों में वित्तीय रिपोर्टिंग (वित्तीय विवरण सहित) पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली उपलब्ध है और दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावशाली ढ़ंग से प्रचालनरत थे ।

कृते वेद गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीयन संख्या : 003297एन

हस्ताक्षरित

सीए जतिन गुप्ता
(भागीदार)
सदस्यता संख्या 515101
स्थानः नई दिल्ली
तारीख : 22 मई, 2019

टांडा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(सीआईएन : यू74999डीएल2013जीओआई257471
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र

(सौ रुपए में)

	विवरण	नोट संख्या	31 मार्च 2019 की स्थिती के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिती के अनुसार	01 अप्रैल 2017 की स्थिती के अनुसार
(I)	**परिसंपत्तियां**				
(1)	**गैर-चालू परिसंपत्तियां**				
	(क) जारी पूंजीगत कार्य	3	-	158,476.36	157,647.83
(2)	**चालू परिसंपत्तियां**				
	(क) वित्तीय परिसंपत्तियां				
	(i) नकद और नकद समतुल्य	4	2,100.78	2,100.78	1,100.78
	(ख) चालू कर परिसंपत्तियां (निबल)	5	10.55	10.55	-
	कुल परिसंपत्तियां		**2,111.33**	**160,587.69**	**158,748.61**
(II)	**इक्विटी और देनदारियां**				
(1)	**इक्विटी**				
	(क) इक्विटी शेयर पूंजी	6	5,000.00	5,000.00	5,000.00
	(ख) अन्य इक्विटी	7	(4,989.45)	(287.49)	(287.49)
(2)	**देनदारियां**		**10.55**	**4,712.51**	**4,712.51**
(A)	**चालू देनदारियां**				
	(क) वित्तीय देनदारियां				
	(i) उधार	8	1,780.78	119,415.96	115,964.47
	(ii) अन्य वित्तीय देनदारियां	9	320.00	36,459.22	36,451.72
	(ख) अन्य चालू देनदारियां	10	-	-	1,619.91
			2,100.78	**155,875.18**	**154,036.10**
	कुल इक्विटी और देनदारियां		**2,111.33**	**160,587.69**	**158,748.61**
	उल्लेखनीय लेखांकन नीतियां	1 - 2			

	वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न नोट देखें	1-31	

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(संजय नायक)
निदेशक
डीआईएन :08197193

(डी. मानावालन)
अध्यक्ष
डीआईएन : 08102722

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और उनकी ओर से
वेद गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
फर्म रजिस्ट्रेशन संख्या. : **03297**एन

सीए जतिन गुप्ता
(पार्टनर)
मोबाईल संख्या. 515101
स्थान: नई दिल्ली
तारीख:

टांडा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(सीआईएन : यू74999डीएल2013जीओआई257471
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार लाभ एवं हानि

(सौ रु. में)

विवरण	नोट सं.	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
प्रचालन से राजस्व		-	-
अन्य आय		-	-
कुल आय (I)		**-**	**-**
व्यय			
बट्टे खाते में डाली गई पूंजी व्यय	12	4,196.24	-
अन्य व्यय	13	505.72	-
कुल व्यय (II)		**4,701.96**	**-**
कर पूर्व लाभ/(हानि) (I- II =III)		**(4,701.96)**	**-**
कर व्यय : (IV)			
चालू कर		-	-
आस्थगित कर		-	-
बाधित प्रचालन से अवधि के लिए लाभ/ (हानि) (III - IV = V)		**(4,701.96)**	**-**
अन्य प्रचालनगत आय (VI)		-	-
अवधि के लिए कुल प्रचालनगत आय (V+VI=VII)		**(4,701.96)**	**-**
इक्विटी शेयर प्रति अर्जन: (VIII)			
मूलभूत और तनुकृत (₹में), (10 रु. प्रति मूल्य)	14	(9.40)	-
उल्लेखनीय लेखांकन नीतियां	1 - 2		
वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न नोट को देखें	1-31		

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(संजय नायक)
निदेशक
डीआईएन :08197193

(डी. मानावालन)
अध्यक्ष
डीआईएन :08102722

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और उनकी ओर से
महेश कुमार अग्रवाल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट

फर्म पंजीकरण संख्या : 005000एन

सीए कोमल अग्रवाल
(पार्टनर)
सदस्य संख्या 533793
स्थान : नई दिल्ली
तारीख :

टांडा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(सीआईएन : यू74999डीएल2013जीओआई257471

31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार नकदी प्रवाह का विवरण

(सौ रु. में)

	विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
क.	**प्रचालनगत कार्यकलापों से नकदी प्रवाह:**		
	कर पूर्व निबल लाभ	(4,701.96)	-
	जोड़ें : कर व्यय	-	-
	के लिए समायोजन:		
	बट्टे खाते में डाला गया पूंजी व्यय	4,196.24	-
	कार्य पूंजी परिवर्तन पूर्व प्रचालनगत लाभ	**(505.72)**	**-**
	कार्यकारी पूंजी में परिवर्तन के लिए समायोजन:		
	- अन्य वित्तीय देनदारियों में वृद्धि/ (ह्रास)	25.00	7.50
	- अन्य चालू देनदारियों में वृद्धि/ (ह्रास)	-	(1,619.91)
	प्रचालनरत कार्यकलापों से प्राप्त नकद राशि	**(480.72)**	**(1,612.41)**
	भुगतान किया गया आयकर	(0.00)	(10.55)
	प्रचालनरत कार्यकलापों से प्राप्त निबल नकदी	**(480.72)**	**(1,622.96)**
ख.	**निवेशी कार्यकलाप से नकदी प्रवाह:**		
	जारी पूंजीगत कार्य में वृद्धि	-	(828.53)
	निवेशी कार्यकलापों से निबल नकदी	**-**	**(828.53)**
ग.	**वित्तीय कार्यकलापों से नकदी प्रवाह:**		
	उधारी में वृद्धि/ (ह्रास)	480.72	3,451.49
	चुकाया गया ब्याज	-	-
	वित्तीय कार्यकलापों से निबल नकदी	**480.72**	**3,451.49**
	नकदी और नकदी समतुल्य में निबल वृद्धि/ (ह्रास) (क +ख +ग)	**(0.00)**	**1,000.00**
	जोड़ें : अवधि की शुरूआत में नकदी और नकदी समतुल्य	**2,100.78**	**1,100.78**
	समाप्ति के समय नकदी और नकदी समतुल्य (नोट-4)	**2,100.78**	**2,100.78**
	के साथ :		
	चालू खातें में बैंक में शेष राशि	2,100.78	2,100.78

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(संजय नायक) **(डी. मानावालन)**

निदेशक **अध्यक्ष**

डीआईएन :08197193 **डीआईएन :08102722**

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और उनकी ओर से
महेश कुमार अग्रवाल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या : 005000एन

सीए कोमल अग्रवाल
(पार्टनर)
सदस्य संख्या 533793
स्थान : नई दिल्ली
तारीख :

टांडा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(सीआईएन : यू74999डीएल2013जीओआई257471

31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

क. इक्विटी शेयर पूंजी (सौ रु. में)

विवरण	राशि
01 अप्रैल 2017 की रिपोर्टिंग अवधि की शुरूआत में शेष राशि	5,000.00
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर में परिवर्तन (वित्तीय वर्ष 2017-18)	-
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार रिपोर्टिंग अवधि के दौरान वर्ष के अंत में शेष राशि	**5,000.00**
वर्ष (वित्तीय वर्ष 2018-19) के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	-
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार रिपोर्टिंग अवधि के दौरान वर्ष के अंत में शेष राशि	**5,000.00**

ख. अन्य इक्विटी (सौ रु. में)

विवरण	राशि
<u>रखा</u> गया अर्जन	
01 अप्रैल 2017 की स्थिति के अनुसार शेष राशि	(287.49)
वर्ष के दौरान कुल व्यापक आय	-
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार शेष राशि	**(287.49)**
वर्ष के दौरान कुल व्यापक आय	(4,701.96)
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार शेष राशि	**(4,989.45)**

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(संजय नायक)
निदेशक
डीआईएन :08197193

(डी. मानावालन)
अध्यक्ष
डीआईएन :08102722

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और उनकी ओर से
महेश कुमार अग्रवाल एंड कंपनी

चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या : 005000एन

सीए कोमल अग्रवाल
(पार्टनर)
सदस्य संख्या 533793
स्थान : नई दिल्ली
तारीख :

टांडा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(सीआईएन : यू74999डीएल2013जीओआई257471

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

1 निगमित सूचना

कंपनी की स्थापना पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल), जो कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी लिमिटेड), भारत सरकार का एक उद्यम के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है, के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी के रूप में कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत दिनांक 09 सितंबर 2013 को की गई। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 'ऊर्जा निधि'ए 1, बाराखंबा लेन, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110001 में अवस्थित है। कंपनी की स्थाना उत्तर प्रदेश राज्य में विद्युत के पारेषण (परियोजना) के प्रयोजन से विद्युत प्रणाली नेटवर्क के विकास और अध्ययन, अण्वेषण, सूचना और डेटा एकत्र करने, सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने, आवश्यक होने पर वन स्वीकृति आदि प्राप्त करने के साथ-साथ पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए बोली प्रक्रिया आदि के संचालन हेतु की गई है। प्रचालनात्मक मुद्दों के कारण कंपनी को विद्युत मंत्रालय (एमओपी) ने 23 फरवीर 2018 को इस योजना की अधिसूचना रद्द कर दी और अपने दिनांक 23 फरवरी 2018 के पत्र के जरिए अधिसूचना अग्रेषित की, जिसे निदेशक मंडल द्वारा नोट किया गया है और सभी परिसंपत्तियों और देयताओं को लेखाबही में समायोजित करने तथा कंपनी का नाम कंपिनयों की सूची से हटाने का प्रस्ताव दिया, बशर्ते कि पीएफसीसीएल, पीएफसी (टांडा ट्रांसमिशन लिमिटेड के शेयरधारक) और विद्युत मंत्रालय (एमओपी) का अनुमोदन प्राप्त हो जाए। पीएफसीसीएल और पीएफसी के निदेशक मंडल ने विद्युत मंत्रालय के अनुमोदन के अध्यधीन कंपनी को बंद करने के लिए अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है, जिसकी तुलनपत्र की तारीख के अनुसार प्रतीक्षा है।

2 सामान्य बातें

(क) अनुपालन का विवरण और तैयारी का आधार

वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत बनाई गई कंपनी (लेखा) नियमावली 2014 के नियम 7 के साथ पठित 7 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के अंतर्गत यथा विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार संचयी आधार पर ऐतिहासक लागत परंपरा के अनुसार तैयार किए गए हैं। तथापि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि कंपनी की अधिसूचना रद्द कर दी गई है और उसे बंद किया जाना है, अतः लेखे निरंतर जारी प्रतिष्ठान आधार पर तैयार नहीं किए जाते हैं।

कंपनी के वित्तीय विवरण भारतीय रुपयों (आईएनआर) में प्रस्तुत किए गए हैं, जो कि इसकी प्रकार्यात्मक मुद्रा है।

कंपनी द्वारा पहली बार इन्हें अपनाने, प्राप्त छूटों आदि के विवरण नोट संख्या 27 में दिए गए हैं।

इन वित्तीय विवरणों में राशियों को दशमलव के बाद दो अंकों तक निकटतम सैंकड़ों के रूप में राउंड ऑफ किया गया है (जब तक कि अन्यथा संकेत नहीं दिया गया हो)।

ख. अनुमानों का प्रयोग

वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन को लेखांकन नीतियों को लागू करने में ऐसे निर्णय लेना, अनुमान और पूर्वानुमान लगाना आवश्यक होता है, जो वित्तीय विवरणों की तारीख को राजस्व , व्यय, परिसंपत्तियों, देयताओं और प्रकटनों से संबंधित आकस्मिक देयताओं को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों और पूर्वानुमानों से अलग हो सकते हैं। अनुमानों और अंतनिर्हित पूर्वानुमानों की सतत आधार पर समीक्षा की जाती है। लेखांकन अनुमानों की समीक्षा को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें अनुमान की समीक्षा की जाती है और भावी अवधि प्रभावित होती है।

ग. आय / व्यय की मान्यता

आय और व्यय (अन्यथा उल्लेख को छोड़कर) की गणना संचयी आधार पर की जाती है।

घ. जारी पूंजीगत कार्य

निर्माण अवधि/ परियोजना की स्थापना के दौरान परामर्श सेवा/ प्रशासन / ब्याज / जनशक्ति प्रभार / कानूनी और पेशेवर आदि व्यय (आय का निबल) को पूंजीगत किया जा रहा था और उसे जारी पूंजीगत व्यय के रूप में माना गया। तथापि, चूंकि लेखे जारी प्रतिष्ठान आधार पर तैयार नहीं किए जाते हैं, अतः इसका व्यय और अंतरण लाभ और हानि लेखे में किया जाता है।

ड. धारक कंपनी द्वारा किया गया व्यय

परियोजना के लिए कंपनी द्वारा किए गए व्यय का निधियन धारक कंपनी (पीएफसीसीएल) द्वारा किया जाता है और चालू देयताएं शीर्ष के अंतर्गत इसे अल्पकालिक ऋण के रूप में माना जाता है। धारक कंपनी (पीएफसीसीएल) द्वारा समय-समय पर यथा लागू दर से ब्याज वसूल किया जाता है।

च. प्राथमिक व्यय

प्राथमिक व्यय को उस वर्ष के लाभ और हानि विवरण में प्रभारित किया गया है, जिसमें ऐसे व्यय किए गए हैं।

छ. ऋण लागत

जारी पूंजीगत कार्य, जिसे परिसंपत्तियों के वाणिज्यिक उपयोग की तारीख तक पूंजीकृत किया जाता है, को छोड़कर ऋण लागत को उस वर्ष के लाभ और हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है, जिसमें ऐसे व्यय किए जाते हैं।

ज. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

(i) प्रावधानों को तब मान्यता दी जाती है, जब कंपानी की किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान बाध्यता (कानूनी अथवा सृजनात्मक) होती है, यदि यह पोर्टेबल है, तो कंपनी को बाध्यता का निराकरण करना आवश्यक होगा और बाध्यता की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान तैयार किया जा सकता है। किसी प्रावधान के रूप में मान्यता दी गई राशि बाध्यता से जुडे जोखिम और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान बाध्यता के निराकरण के लिए आवश्यक राशि का सर्वश्रेष्ठ अनुमान होता हे। जब किसी प्रावधान का निराकरण करने के लिए कुछ अथवा सभी आर्थिक लाभ आवश्यक होते हैं, तो यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी वसूली किसी तीसरे पक्षकार से की जाए, इस प्रकार प्राप्त होने वाली किसी राशि को मान्यता किसी परिसंपत्ति के रूप में उस समय दी जाती है, जब आभासी तौर पर यह निश्चित होता हे कि इसकी प्रतिपूर्ति हो जाएगी और प्राप्त होने वाली राशि का मापन विश्वसनीय तरीके से किया जा सकता है।.

(ii) जब इस बात की संभावना नहीं होती है कि आर्थिक लाभों का बहिर्गमन आवश्यक होगा अथवा राशि का अनुमान विश्वसनीय तरीके से नहीं लगाया जा सकता है तो ऐसी स्थिति में बाध्यता का प्रकटन लेखाओं की टिप्पणियों में आकस्मिक देयता के रूप में किया जाता है, जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्गमन की संभावना न के बराबर नहीं होती है।

(iii) आकस्मिक परिसंपत्तियों को वित्तीय विवरणों मं मान्यता नहीं दी जाती है, परंतु उस सूरत में उनका प्रकटन किया जाता है जब आर्थिक लाभ के अंतर्वाह की संभावना होती है।.

(iv) इनकी प्रत्येक तुलनपत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है और चालू प्रबंधन अनुमान दर्शाने के लिए इन्हें समायोजित किया जाता है।

झ. नकदी और नकदी समतुल्य

